झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग,

कालीनगर, चायबगान, नामकोम, राँची–834010.

e-mail- jharkhand_ssc@rediffmail.com

विज्ञापन संख्या–10/2023 एवं 11/2023

झारखण्ड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा– 2023

आवश्यक सूचना–10

दिनांकः– 12.12.2023

झारखण्ड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा– 2023 का आयोजन दिनांक 21.01.2024 (रविवार) एवं दिनांक 28.01.2024 (रविवार) को राज्य के विभिन्न जिलों में अवस्थित परीक्षा केन्द्रों पर किया जायेगा।

2. परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्रवेश पत्र डाउनलोड करने संबंधी सूचना आयोग के अधिकृत वेबसाईट www.jssc.nic.in पर यथाशीध्र प्रकाशित की जायेगी।

3. झारखण्ड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा– 2023 के प्रकाशित विज्ञापन से संबद्ध विवरणिका में अंकित प्रावधानों के आलोक में 40% (चालीस) प्रतिशत अथवा इससे अधिक निःशक्तता वाले अंधापन एवं कम दृष्टि, चलन निःशक्तता (दोनों हाथ प्रभावित) तथा सेरेब्रल पाल्सी की कोटि के अभ्यर्थी एवं इसके अतिरिक्त निःशक्त कोटि के अन्य अभ्यर्थियों द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी/सिविल सर्जन द्वारा लिखने में शारीरिक अक्षमता संबंधी प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये जाने की स्थिति में संबंधित अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा स्क्राइब की सुविधा प्रदान की जाएगी।

श्रुतलेखक/ स्क्राइब की सुविधा हेतु संबंधित अभ्यर्थी संलग्न विहित प्रपत्र में दिनांक 06.01.2024 तक आयोग कार्यालय में आवेदन समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे। उक्त अवधि के पश्चात समर्पित किए जाने वाले आवेदनों पर आयोग द्वारा विचार नही किया जायेगा तथा संबंधित अभ्यर्थी को बिना श्रुतलेखक/स्क्राइब के ही परीक्षा में सम्मिलित होना होगा।

ह०/–

परीक्षा नियंत्रक।

झारखण्ड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा– 2023

श्रुतलेखक/स्क्राइब की उपलब्धता हेतु आवेदन प्रपत्र

पासपोर्ट साईज स्व अभिप्रमाणित फोटो

1. अभ्यर्थी का नाम :– ....
2. निबंधन/आवेदन संख्या :– ....
3. अभ्यर्थी की जन्म तिथि :– ....
4. निःशक्तता का प्रकार एवं प्रतिशत :– ....
5. अभ्यर्थी के पिता/पति का नाम :– ....
6. अभ्यर्थी का पता–..

   ....
7. उपलब्ध कराए जाने वाले श्रुतलेखक/स्क्राइब की भाषा–हिन्दी/अंग्रेजी : ....

मैं यह घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपर्युक्त सूचना पूर्णतः सही है। उक्त घोषणा के गलत पाये जाने पर मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति रद्द कर दी जाय।

अनुलग्नकः–

1. निःशक्ता प्रमाण पत्र/लिखने में अक्षमता संबंधी प्रमाण पत्र।
2. समर्पित ऑनलाईन आवेदन पत्र की प्रति।

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर।